## महत्वपूर्ण एवं खास

### किसान करें कद्दूवर्गी सब्जियों की उन्नत खेती

» वैज्ञानिक बता रहे हैं किसानों को खेती का तरीका

**रायपुर।** किसान इस समय अगर नई फसल लगाने के बारे में सोच रहे हैं। लेकिन इस बात को लेकर असमंजस में है कि वे किस तरह की खेती या किस फसल की बुवाई कर सकते है। ऐसे समय में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को माह जनवरी में कद्दूवर्गी खेती के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। किसान जनवरी माह में कद्दूवर्गी सब्जियों की बुवाई कर सकते है। कद्दूवर्गी सब्जियों की बुवाई साल में दो बार की जाती है। इसमें जनवरी-मार्च और जून-जुलाई का समय उपयुक्त होता है। कद्दूवर्गी सब्जियों की बिजाई पॉलीहाउस में भी दिसम्बर-जनवरी में की जा सकती है। इस वर्ग की सब्जियों की मांग भी साल भर बाजार में रहती है। कद्दूवर्गी सब्जियों में बीज की मात्रा-किसान चार से पांच किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से बीज ले सकते है। कद्दूवर्गी सब्जियों में उर्वरक और खाद इस तरह की बेल वाली सब्जियों में खेत की तैयारी के समय 15 से 20 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद, 80 किलोग्राम फॉस्फोरस और 50 किलोग्राम पोटाश की जरूरत पड़ती है।

### बस्तर संभाग में 50 लाख रूपए और अन्य संभागों में 20 लाख रूपए तक की निविदाएं अब मैनुअल पद्धति से

**रायपुर।** बस्तर संभाग क्षेत्र के अंतर्गत 50 लाख रूपए तक के निर्माण कार्यों की निविदाएं मैनुअल पद्धति से आमंत्रित की जाएगी। इम्पावर्ड कमेटी फॉर इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट की 13 जनवरी को हुई बैठक में निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार बैठक में राज्य के अन्य संभागीय क्षेत्रों में 20 लाख रूपए तक के निर्माण कार्यों की निविदाएं भी मैनुअल पद्धति से आमंत्रित करने की अनुमति प्रदान की गई है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल में आवश्यकतानुसार संशोधन और सुधार करते हुए मैनुअल पद्धति से आमंत्रित समस्त निविदाओं से संबंधित अन्य जानकारी यथा निविदा क्रमांक, निविदा का विवरण, निविदा की तिथि, न्यूनतम निविदाकार, कार्यादेश की प्रति आदि की जानकारी प्रदर्शित की जाए। इस संबंध में राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा आज मंत्रालय (महानदी भवन) से आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।

### अबुझमाड़ हाफमैराथन रन फॉर पीस 8 फरवरी को

» पहला पुरस्कार 1.21 लाख रुपए

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के नारायणपुर जिले में 8 फरवरी को अबुझमाड पीस हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मैराथन आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है । यह 21 किलोमीटर हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के सौजन्य से जिला मुख्यालय नारायणपुर के हाई स्कूल मैदान से किया जाएगा। अबुझमाड़ रन फॉर पीस का आयोजन क्षेत्र में खेल सम्भावना को मंच देने के साथ-साथ क्षेत्र के प्रति नक्सल गतिविधियों के कारण लोगों के मन में बने खौफ को भी हटाने का प्रयास है । इस हाफ मैराथन का यह दूसरा वर्ष है गत वर्ष इसका सफल आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 5 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिये थे। इस प्रतियोगिता के विजेता केन्या देश के धावक रहे थे। इस वर्ष भी 4 हजार से अधिक लोगों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीयन करवाया है। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार एक लाख एक्कीस हजार, द्वितीय 61 हजार, तृतीय 31 हजार, चतुर्थ 21 हजार, पंचम 11 हजार रुपए राशि रखी गई है साथ ही नारायणपुर जिले के मूल निवासी प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार रखा गया है ।

### सिक्किम के मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री का माना आभार

»राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के दौरान कलाकार की तबीयत बिगड़ने पर एयर एम्बुलेंस के जरिए भेजा गया था दिल्ली

**रायपुर।** सिक्किम के मुख्य सचिव श्री एस.सी. गुप्ता ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के दौरान उनके राज्य के कलाकार श्री पदम गंधर्व को आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सिक्किम से आए कलाकारों के दल के सदस्य श्री पदम गंधर्व की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तबीयत में सुधार नहीं होने पर मुख्यमंत्री की पहल पर एयर एम्बुलेंस के जरिए इलाज के लिए तत्काल दिल्ली भेजा गया।

# सरिया पुलिस ने अमोनियम नाइट्रेट और डेटोनेटर की बड़ी खेप को पकड़ा

» ओड़िसा से बोलेरो वाहन में लाई जा रही » आरोपियों पर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर बीते वर्ष से सरिया थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक व उनके स्टाफ ने दिगर प्रांत से लाई जा रही गांजा व शराब की अवैध तस्करी पर लगाम लगा रखे हैं।

थाना प्रभारी सरिया के बेहतरीन सूचना तंत्र से एक दफा फिर आरोपियों की अवैध तस्करी की कोशिश नाकाम की गई।इस बार नशे की सामग्री की जगह बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक वासनिक को उनके सक्रिय मुखबीर द्वारा बताया गया कि ओडिशा से चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ अमोनियम नाइट्रेट और डेटोनेटर सरिया की ओर लाया जा रहा है। सूचना पर आज सुबह थाना प्रभारी वासनिक स्वयं अपने हमराह प्रधान आरक्षक धनेश्वर



उरांव, आरक्षक श्याम प्रधान, राजकुमार साव, पुष्पेंद्र यादव के साथ कंचनपुर मार्ग पर जाकर नाकेबंदी किए। नाकेबंदी के कुछ समय बाद ही ओड़िसा की ओर से आ रही बोलेरो वाहन ओडी 17 बी 6517 को स्टाफ ने रोककर जांच किए । वाहन के अंदर 07 बोरियों में अमोनियम नाइट्रेट करीब 3.5 क्विंटल, 700 नग डेटोनेटर एवं 1 बंडल सेफ्टी वायर( बाती के रूप में उपयोग) मिला।

वाहन में मौजूद दोनों व्यक्तियों से पूछताछ पर अपना नाम (1) सुरेश तांडी पिता रतन तांडी उम्र 31 वर्ष लेबडी थाना सोहिला, ओड़िसा (2) ईश्वर नायक पिता प्रेमलाल नायक उम्र 43 वर्ष निवासी जयसीडा थाना सोहिला, ओड़िसा बताये।

दोनों से विस्फोटक सामग्री के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे गए जिन्हें प्रस्तुत करने में दोनों विफल रहे जिस पर सरिया पुलिस द्वारा आरोपीगण एवं विस्फोटक सामग्री मय बोलेरो वाहन थाना लेकर आए, आरोपियों के विरुद्ध थाना सरिया में विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है । सरिया - 350 के-9 अमोनियम नाइट्रेट, 700 नग डेटोनेटर 4 बंडल डिफ्यूज एक बोलेरो वाहन सहित 2 व्यक्ति गिरफ्तार अपराध क्र 8/2020 धारा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 5 के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया।

## पंचधार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत निकली जागरूकता रैली






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत आज बरमकेला विकास खण्ड के ग्राम पंचधार के बचों के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए जन जागरूकता रैली निकाली गई और ग्रामवासियों को बेटा-बेटी में कोई भेदभाव नहीं करने का आग्रह किया।

साथ ही बेटियों को अछी शिक्षा देकर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## सखी वन स्टाप सेंटर ने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित महिला की करायी सकुशल वापसी

» महिला को बनाकर रखा गया था बंदी, दी जा रही थी मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सखी वन स्टॉप सेन्टर रायगढ़ द्वारा 7 माह पहले रायगढ़ से शादी होकर जयपुर (राजस्थान)गई महिला को उसके ससुराल वालों के द्वारा की जा रही शारीरिक व मानसिक प्रताडऩा से मुक्त कराने में सफलता प्राप्त की गई है। पीड़िता महिला को ससुराल पक्ष द्वारा पिछले दो माह से जयपुर में किराये के मकान में बंदी बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसकी जानकारी पीड़िता की ननद ने रायगढ़ के सखी वन स्टॉप सेंटर को देते हुए सहायता के लिए संपर्क किया। जिस पर सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता को सकुशल जयपुर से रायगढ़ वापसी के सारे प्रबंध किए। जिसके तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार 11 जनवरी 2020 को




महिला संरक्षण अधिकारी एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर, रायगढ़ द्वारा तत्काल राजस्थान के जयपुर, रामगंज थाना से संपर्क कर घटना की संपूर्ण सूचना दी गई एवं 12 जनवरी 2020 को रामगंज थाना से पीड़िता को पुलिस सहायता उपलब्ध कराते हुए उसे बंद कमरे से सुरक्षित बाहर निकाला गया। पीड़िता के परिजनों को रायगढ़ से जयपुर (राजस्थान) पहुंचने तक के लिए अप्राजिता वन स्टॉप सेन्टर, जयपुर में पीड़िता के रहने की व्यवस्था सखी वन स्टॉप सेन्टर, रायगढ़ द्वारा कराया गया। पीड़िता के परिजन 15 जनवरी 2020 को रात्रि लगभग 12 बजे पीड़िता को जयपुर से रायगढ़ लेकर आए एवं 16 जनवरी 2020 को सखी में उपस्थित होकर पीड़िता के सकुशल जयपुर से रायगढ़ लाने की जानकारी देते हुए सखी वन स्टॉप सेन्टर, महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ का धन्यवाद दिया। पीड़िता के बयान व सहमति से आगे कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## लोकवाणी में इस बार परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम पर होगी बात

» 27 से 29 जनवरी तक रिकार्ड करा सकेंगे आमजन अपनी बात

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 7वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 9 फरवरी को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता प्रारंभ की है। लोकवाणी में इस बार का विषय परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम रखा गया है। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 27, 28 एवं 29 जनवरी को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने प्रश्न रिकार्ड करा सकते हैं।



### मुख्यमंत्री निवास में 22 जनवरी को जनचौपालः भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम रहेगा स्थगित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में 22 जनवरी बुधवार को आयोजित होने वाला जनचौपाल भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा।

## 100 किलोग्राम बारूद-डेटोनेटर के साथ एक गिरफ्तार

**रायगढ़(आरएनएस)।** सरिया थाना पुलिस ने आज मुखबीर की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से 100 किलोग्राम विस्फोटक सहित करीब 100 से 150 डेटोनेटर बरामद किया है।

सरिया थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में विस्फोटक लेकर सरिया की ओर आ रहा है। सूचना पाकर सरिया थाना पुलिस ने वाहनों की जांच-पड़ताल शुरू की तो एक वाहन में भारी मात्रा में बारूद करीब 100 किलोग्राम तथा 100 से 150 नग डेटोनेटर बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विस्फोटेक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया गया है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में भारी मात्रा में पत्थर खदान है, खदान में विस्फोट के लिए क्षेत्र में लाइसेंसी ठेकेदारों द्वारा विस्फोट किया जाता है। पकड़े गए आरोपी के संबंध में प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है कि वह भी खदानों में विस्फोटेक सप्लाई का काम करता है। संभवतः वह किसी खदान में विस्फोटक सप्लाई करने निकला था। पुलिस इसी बिंदु के आधार पर वर्तमान में जांच पड़ताल कर रही है।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2020

» निर्वाचन की विवरणी एवं प्रमाण-पत्र तैयार करने के लिए पर्यवेक्षक एवं सारणीकर्ता नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिला पंचायत के निर्वाचन की विवरणी तथा प्रमाण-पत्र तैयार करने हेतु जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया है। साथ ही जिला पंचायत के सदस्यों का खण्डों से प्राप्त मतों का गणना के परिणाम का सारणीकरण करने का कार्य जिला कार्यालय कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया जावेगा। उक्त कार्य के लिए पर्यवेक्षक तथा सारणी कर्ताओं की भी नियुक्ति की गई है। रायगढ़ के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1, 2, 3, घरघोड़ा क्षे.क्र.17, धरमजयगढ़ क्षे.क्र.22, 23, 24, 25 एवं तमनार के क्षे.क्र. 18 एवं 19 के लिए वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी रायगढ़ अनिल पटेल को पर्यवेक्षक बनाया गया है तथा लो.स्वा.यां.वि.रायगढ़ के संभागीय लेखा अधिकारी आर.के.मैत्री एवं कार्या.जल संसाधन विभाग रायगढ़ के संभागीय लेखा अधिकारी डिटेश कृष्ण रंजन को सारणीकर्ता नियुक्त किया गया है।

## मुख्यमंत्री देउरगाँव मे श्रीमद् भागवत कथा का किया श्रवण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज बेमेतरा जिले के साजा विकासखण्ड के ग्राम देउरगाँव मे आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ समारोह मे शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया।

गाँव के ऐतिहासिक महामाया मंदिर परिसर में 15 से 23 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के देउरगाँव पहुँचने पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे एवं उनके भ्राता प्रदीप



चौबे ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री गाँव के ऐतिहासिक महामाया मंदिर का दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश के खुशहाली की कामना की।

## 25 अभ्यर्थियों ने अब तक नही करवाया है निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा परीक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 अंतर्गत निर्वाचन में शामिल होने वाले समस्त अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा 22 जनवरी 2020 तक जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। कुल 554 में से 528 अभ्यर्थियों द्वारा लेखा जमा किया गया है। शेष 26 लोगों में से एक अभ्यर्थी सरिया नगर पंचायत के लोकनाथ पटेल की मृत्यु होने के पश्चात बचे 25 लोग द्वारा अब तक निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा जमा नहीं किया गया है।

25 अभ्यर्थी जिन्होंने अब तक निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा प्रस्तुत नहीं किया है इनमें नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्र.3 से कौशल्या उरांव, वार्ड क्र.5 से प्रदीप विजयचंद टोप्पो, वार्ड क्र.7 से आरिफ हुसैन, वार्ड क्र. 8 से ओमप्रकाश पैंकरा, वार्ड क्र. 14 से सुनीता शिवशंकर, वार्ड क्र.11 से मन्नु सारथी, वार्ड क्र.10 से अल्फाजुददीन खान, वार्ड क्र.23 से राजु मिश्रा, वार्ड क्र.30 से दुर्गा डाली देवांगन, वार्ड क्र. 36 से हरिटंडन एवं वार्ड क्र.46 से रमेश भगत शामिल है।

इसी तरह नगर पंचायत घरघोड़ा के वार्ड क्र.5 से कौशल्या मेहर, वार्ड क्र.8 से चिरंजीव यादव, वार्ड क्र.12 से तारावती पैकरा एवं वार्ड क्र.12 से महेश पैंकरा, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के वार्ड क्र.1 से श्रीमती पूजा जौहरी एवं वार्ड क्र.8 से विक्की सिंह, नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्र.2 से तपन यादव, नगर पंचायत धरमजयगढ़ के वार्ड क्र.8 से संगीता बैठा, वार्ड क्र.12 से संतोषी गुप्ता एवं विवेक कुमार पांडे एवं वार्ड क्र.15 से प्रिशीला टोप्पो, नगर पंचायत बरमकेला के वार्ड क्र.5 से मीना विनोद देवांगन, वार्ड क्र.9 से सालिकराम नायक एवं वार्ड क्र.15 से श्रीमती मालती किशोर साहनी द्वारा अंतिम व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है। लेखा परीक्षण के लिए विभाग द्वारा 4 स्मरण पत्र जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को दूरभाष से भी बार-बार सूचित किया गया है।

**» निर्वाचन व्यय परीक्षण की अंतिम तारीख आज**

इसके पश्चात भी अंतिम लेखा दाखिल नहीं किए जाने की स्थिति में छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 14.ख या छ.ग.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ख के अधीन निरर्हित किए जाने का प्रावधान है। अंतिम व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले समस्त अभ्यर्थी अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्य रूप से संबंधित निर्वाचन व्यय संपरीक्षक के पास जमा कराना सुनिश्चित करें। लेखा जमा नहीं किए जाने की स्थिति में होने वाली किसी भी कार्यवाही की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।

## डभरा में आयोजित 11 वे निःशुल्क शिविर के जरिये 5702 मरीजों को लाभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अघोर पीठ ट्रस्ट बनोरा रायगढ़ की मुख्य शाखा अघोर आश्रम डभरा के तत्वाधान में ग्यारहवा विशाल शिविर सम्पन्न हुआ । इस शिविर में आस पास 40 से 50 किमी क्षेत्र में तीन जिलों निवासरत जांजगीर रायगढ़ बलौदा बाजार के तहसील

डभरा माल खरौदा शक्ति जैजैपुर नवागढ़ सारंगढ़ भटगांव पामगढ़ बम्हनीडीह खरसिया पुसौर में निवासरत 5702 मरीजों में इलाज हेतु अपना पंजीयन कराया ।जिसमे 2476 महिला 2473 पुरूष व 753 बच्चे शामिल थे । रविवार प्रातः 9 बजे से ही मरीज निजी वाहनों व बसों से आना प्रारम्भ हो गए ।निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर में तीन दर्जन से अधिक बिशेषज्ञ चिकित्सको की टीम मौजूद रही । हर चिकित्सक के लिए पृथक कक्ष का निर्माण किया गया था कुल 22000 फुट के विशाल पंडाल में 45 कक्ष का निर्माण किया गया।

अघोरश्वर के तैल चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनका पुण्य स्मरण करते हुए शिविर प्रारम्भ किया गया। विदित हो कि बाबा प्रियदर्शी राम जी का जीवन मानव कल्याण हेतु समर्पित है ।लगभग तीन दशक से मानव जीवन कि मूलभूत आवश्यकता शिक्षा चिकित्सा को दूर करने के लिए यह संस्था प्रयासरत है । ग्रामीण अंचल में निवास करने वाली साधन विहीन जनता अज्ञानता की वजह से शिक्षा व स्वास्थ्य मामलो में पिछड़ी हुई है उनके लिये ये सुविधाए जीवन दायिनी साबित हो रही रही है । इस मैराथन शिविर मे निःशुल्क दवा वितरण की विशेष व्यस्था थी ।बिलासपुर रायगढ़ -अम्बिकापुर के दवा प्रतिनिधियों का 60 सदस्यीय शिष्ट मंडल शिविर संपत होने के 2 घंटे बाद तक कतारबद्ध मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित करता रहा ।

दवा लिखने के पहले मरीजों को पैथालॉजी में मौजूद सुविधाओं की अनिवार्य जाँच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा ।रायगढ़ के सिटी पैथोलैब डभरा से पैथोलैब खरसिया के धनवन्तरी पैथो लैब के संयुक्त तत्वाधान में रक्त जांच ईसीजी यूरिक एसिड टेस्ट व स्पायरो मैट्री अस्थमा टेस्ट की जांच की गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480